हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 5 नवंबर 2025

11 स्लोगन लेखन में दीपांशी व रंगोली में प्रिंसी रही प्रथम



12 लड़कों में झज्जर और लड़कियों में गुरुग्राम के तैराकों का दबदबा



## चेयरपर्सन ने लगातार दूसरे सप्ताह डंपिंग स्टेशन का किया औचक निरीक्षण

# 140 में से 40 वाहन ही उठा रहे कूड़ा 618 में से 300 कर्मी कर रहे सफाई

**नियम तोड़ने पर चेयरपर्सन ने दी एफआईआर की चेतावनी**

*नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा के साथ नया गांव स्थित डंपिंग स्टेशन का औचक निरीक्षण कर सफाई ठेकेदार की लापरवाही का पर्दाफाश किया। निरीक्षण में पाया गया कि ठेकेदार टेंडर की शर्तों का उल्लंघन कर रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की सफाई व्यवस्था की बदहाली मंगलवार को एक बार फिर उजागर हो गई। नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा के साथ नया गांव स्थित डंपिंग स्टेशन का औचक निरीक्षण कर सफाई ठेकेदार की लापरवाही का पर्दाफाश किया। निरीक्षण में पाया गया कि ठेकेदार टेंडर की शर्तों का उल्लंघन कर रहा है। शर्तों के अनुसार, ठेकेदार को रोजाना 140 वाहनों से कूड़ा उठाना था, लेकिन केवल 40 वाहन ही लगाए जा रहे थे। इसी तरह 618 सफाई कर्मचारियों में से पोर्टल पर हर रोज केवल 300 की ही हाजिरी रहती है।



बहादुरगढ़। नया गांव डंपिंग स्टेशन का निरीक्षण करती चेयरपर्सन सरोज राठी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### ठेकेदार की मनमानी से सफाई व्यवस्था चरमराई

चेयरपर्सन सरोज राठी ने कचरा प्रोसेसिंग कार्य में भी नियमों के उल्लंघन पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ठेकेदार की मनमानी के चलते शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। गीला और सूखा कचरा अलग नहीं किया जा रहा है, और वाहनों में तिरपाल ढंके बिना कचरा ढोया जा रहा है। सरोज राठी ने चेतावनी दी कि बिना तिरपाल ढंके वाहनों को डंपिंग स्टेशन पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों और ठेकेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

### शहरवासियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़

सरोज राठी ने कहा कि ठेकेदार को हर दिन 140 वाहन और 618 सफाई कर्मचारी तैनात करने की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन वह केवल आधा काम कर रहा है। यह अनुबंध का उल्लंघन और शहरवासियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने बताया कि कई बार जुर्माना लगाने के बावजूद ठेकेदार की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ है। अब उसे नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है, और जरूरत पड़ने पर कॉन्ट्रैक्ट रद्द कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### गलियां और बाजार कचरे से पटे

वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा ने स्वीकारा कि शहर की गलियां और बाजार कचरे से पटे पड़े हैं। नालियां जाम हैं और सफाई कर्मचारी कम पड़ रहे हैं। नगर परिषद अब सफाई व्यवस्था को लेकर कोई ढिलाई नहीं बरतेगी। लापरवाही करने वाले ठेकेदारों, कर्मचारियों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पार्षद राजेश तंवर, जेई नीरज, जेई आकाश आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। एक्यूआई घटने के बाद साफ नजर आ रहा आसमान। फोटो: हरिभूमि

# बहादुरगढ़ में हवा हुई साफ एक्यूआई 57 तक पहुंचा

**हवा की रफ्तार बढ़ने के कारण वायु गुणवत्ता में पिछले तीन दिनों में बड़ा सुधार हुआ दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

लगातार कई दिनों से खराब वायु गुणवत्ता से जूझ रहे बहादुरगढ़ शहर के लिए मंगलवार को राहत भरी खबर आई। दोपहर 3 बजे शहर का एक्यूआई 57 रिकॉर्ड किया गया, जो कि संतोषजनक श्रेणी में आता है। यह पिछले एक महीने की तुलना में बड़ा सुधार है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की समीर एप के अनुसार शनिवार को बहादुरगढ़ का एक्यूआई 254 दर्ज किया गया था।

रविवार को यह 313 तक पहुंच गया था, जो बहुत खराब श्रेणी में था। सोमवार को इसमें कमी आई और एक्यूआई 202 रहा। मात्र तीन दिनों में वायु गुणवत्ता का 313 से घटकर 57 तक आना प्रदूषण नियंत्रण प्रयासों के प्रभाव को दर्शाता है। पिछले 48 घंटों में चली हवाओं, तापमान में गिरावट और वाहनों की सीमित आवाजाही से हवा की गुणवत्ता में सुधार देखने को मिला है। ग्रेप के तहत निर्माण गतिविधियों पर नियंत्रण, सड़कों पर नियमित पानी छिड़काव और एंटी-स्मॉग गन का उपयोग आदि उपाय भी असरदार साबित हुए हैं।

एचएसपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि यदि हवा की गति बनी रही तो आने वाले दिनों में एक्यूआई स्तर सामान्य स्थिति में बना रह सकता है। हालांकि उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि पर्यावरण को लेकर जारी दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करें ताकि यह सुधार लंबे समय तक कायम रह सके।

## खबर संक्षेप

### रेलगाड़ी से कटकर युवक की मौत

**बहादुरगढ़।** मंगलवार दोपहर करीब एक बजे रेलगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन बहादुरगढ़ पर सिग्नल नहीं मिलने पर रेलगाड़ी नंबर 22041 कुछ समय के लिए अपलाइन पर खड़ी हो गई थी। इस दौरान एक 35 वर्षीय युवक रेलगाड़ी के नीचे लेट गया। उसके पेट पर से रेलगाड़ी उतर गई और युवक की तुरंत ही मौत हो गई। जीआरपी थाना के एएसआई राजेश मुदगिल के अनुसार उसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस ने पहचान के लिए उसका शव नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है।

### टांडाहेड़ी में सड़क किनारे मिला रिवॉल्वर



**बहादुरगढ़।** थाना सदर बहादुरगढ़ पुलिस ने एक अवैध रिवॉल्वर बरामद कर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को यह हथियार गांव टांडाहेड़ी के निकट सड़क किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला। पुलिस ने सूचना के आधार पर झाड़ियों में एक लाल रंग के थैले में रखा प्वाइंट 32 बोर का रिवॉल्वर बरामद किया। उसके साथ 7 जिंदा राउंड भी मिले हैं। थाना सदर बहादुरगढ़ प्रभारी ने बताया कि हथियार को बरामद कर मामला आर्म्स एक्ट की धारा 25 (1-बी) (ए) के तहत दर्ज किया गया है। रिवॉल्वर कहां से आया और किसका है, इसका पता लगाया जा रहा है।

### एमआईई क्षेत्र से बोलेरो गाड़ी चोरी

**बहादुरगढ़।** शहर के मॉडर्न औद्योगिक संपदा (एमआईई) में खड़ी एक बोलेरो मैक्सी पिकअप गाड़ी चोरी होने का मामला सामने आया है। दिल्ली निवासी सुधीर सिंह ने बताया कि उसने एक नवंबर को अपनी बोलेरो गाड़ी को पार्ट-ए में सामान लोड करने के लिए खड़ी की थी। लेकिन 3 नवंबर की सुबह जब वे पहुंचे तो गाड़ी वहां से गायब थी। तलाश के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि चोरों का सुराग मिल सके।

### बालाजी मंदिर में आज मनेगा स्थापना दिवस

**बहादुरगढ़।** नजफगढ़ रोड स्थित श्री बालाजी महाराज मंदिर में बुधवार 5 नवंबर को पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर का 48वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर समिति की ओर से गंगा स्नान पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे आरती से होगा। इसके बाद साढ़े 11 बजे भोग लगेगा और दोपहर 12 बजे से हरि इच्छा तक भंडारे का आयोजन होगा।

# एसडीएम ने पेपरलेस रजिस्ट्री प्रक्रिया का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

मंगलवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने लघु सचिवालय परिसर स्थित तहसील कार्यालय व अंत्योदय सरल केंद्र का निरीक्षण किया और वहां शुरू की गई पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने रजिस्ट्री प्रक्रिया के सभी चरणों को बारीकी से परखा और कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यह प्रणाली नागरिकों के लिए सुविधा बढ़ाने के साथ-साथ सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली से अब रजिस्ट्री कराने वाले नागरिकों को लंबी कागजी प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी। डिजिटल माध्यम से रजिस्ट्री होने से दस्तावेजों की सुरक्षा, ट्रैकिंग और रिकॉर्ड प्रबंधन अधिक सुगम हो गया है।



बेरी। पेपरलेस रजिस्ट्री प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

# ऑटो से गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत

- पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंपा शव
- डीघल गांव के नजदीक नींद की झपकी आने से हुई दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव डीघल के नजदीक ऑटो से गिरने के कारण एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान रोहतक के माता दरवाजा निवासी करीब 52 वर्षीया महिला सुनीता पत्नी सतबीर के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार सुनीता अपने अपने पुत्र सूरज व विकास, जेठानी कृष्णा, पौत्र प्रतीक, तनीष, यश व वंश आदि सदस्यों के साथ सोमवार की शाम गुरुग्राम स्थित एक धार्मिक स्थल पर गई थी। दर्शन करने उपरांत जब वह मंगलवार की सुबह आटो में वापिस रोहतक लौट रही थी तो डीघल गांव के नजदीक अचानक उसे नींद की झपकी आ गई और वह नीचे सड़क पर जा गिरी। इस घटना में आई गंभीर चोटों के बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी सुमित ने बताया कि मृतका के पुत्र सूरज के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।



झज्जर। अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते पुलिसकर्मी।

# लंबित मांगों को लेकर शिक्षकों ने किया धरना-प्रदर्शन

- उप जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ द्वारा शिक्षकों एवं कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर लघु सचिवालय परिसर पहुंच कर धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक नरेश कुमार ने की तथा मंच संचालन ब्लॉक प्रधान मुकेश कुमार द्वारा किया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान सुरेंद्र धनखड़ ने बताया कि ज्ञापन में मुख्य रूप से एसीपी मामलों के लंबित रहने, सीसीएल और मेडिकल फाइलों के विलंबित निस्तारण जैसे मुद्दे उठाए गए है। उन्होंने कहा कि सरकार उनकी मांगों की ओर तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही। इसलिए वे धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर हैं। बाद में शिक्षकों ने उप जिला शिक्षा अधिकारी रतिंद्र के माध्यम से प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजा।

उप जिला शिक्षा अधिकारी रतिंद्र ने ज्ञापन के सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि विभाग स्तर पर इन मामलों पर शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रामबीर, विष्णु, सीआईटीयू नेता सरोज, अरुण भटनागर, योगेंद्र, मनीष, भूदेव सहित अन्य भी उपस्थित रहे। शिक्षकों ने कहा कि यदि लंबित मामलों का समाधान जल्द नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में वे जिला मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

# दरियापुर स्कूल से कंप्यूटर व बैटरियां उड़ा ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव दरियापुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार रात चोरी की बड़ी वारदात हो गई। मंगलवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे विद्यालय में कार्यरत चपरासी पवन कुमार ने मुख्याध्यापक संत कुमार को फोन कर चोरी की सूचना दी। सूचना मिलते ही मुख्याध्यापक व पूरा स्टाफ मौके पर पहुंचा। मुख्याध्यापक के अनुसार विद्यालय के मुख्य गेट और छोटे गेट के दोनों ताले टूटे मिले। कार्यालय, सांइस रूम और कंप्यूटर लैब के ताले भी टूटे हुए थे। चोर विद्यालय से 14 बैटरियां, दो कंप्यूटर मॉनिटर और कंप्यूटर लैब से 14 एलसीडी मॉनिटर चोरी कर ले गए। अन्य सामान की जांच की जा रही है। चोरी की सूचना पंचायत प्रतिनिधि पवन कुमार और सरपंच के बड़े भाई ब्रह्म को दी गई। उन्होंने तुरंत 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बादली थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 305, 331 (4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### पिता ने गर्म तेल डाला और पुत्र ने की मारपीट, पुलिस ने किया केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** गांव छारा निवासी 39 वर्षीय मिंटू ने परिवार में चाचा लगने वाले व्यक्ति पर गर्म तेल डालने तथा उसके पुत्र पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया है। मिंटू के अनुसार वह हलवाई का काम करता है। एक सप्ताह पहले अपने भाई के साथ चाचा रणबीर के साथ हलवाई का काम कर रहा था। इस दौरान कढ़ाई का गर्म तेल उसके और उसके भाई के पैरों पर गिर गया। दोनों के पैर झुलस गए। उस समय परिवार ने इसे एक हादसा मानते हुए कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की, लेकिन फिर एक नवंबर को रणबीर का लड़का नवीन उसे लेकर मांडोठी गया था। वहां काम खत्म होने के बाद नवीन ने शराब ली और उसे बाइक पर अपने घर ले आया। जब मिंटू ने अपने काम के पैसे मांगे तो नवीन नाराज हो गया और नुकसान का हवाला देकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब वह भागने लगा तो रास्ता रोककर लात-घूंसों से पिटाई की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लाइनपार क्षेत्र में परनाला के निकट औद्योगिक इकाइयों पर छापेमारी

# अवैध रूप से चल रही 6 यूनिट्स होंगी सील

**स्टेट एनवायरमेंट स्पेशल टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने परनाला के निकट पड़की 6 इकाइयां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मंगलवार को स्टेट एनवायरमेंट स्पेशल टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने लाइनपार क्षेत्र में परनाला के निकट अवैध रूप से संचालित औद्योगिक इकाइयों पर छापेमारी की। जांच के दौरान टीम को 6 यूनिट्स ऐसी मिलीं, जहां प्लास्टिक वॉशिंग व डाईंग आदि गतिविधियां बिना किसी वैध अनुमति के की जा रही थीं। संयुक्त टीम में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर परिषद, बिजली निगम, सिंचाई विभाग, पंचायत विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल रहे।



बहादुरगढ़। अवैध इकाई में जांच करते संयुक्त टीम के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### संयुक्त टीम ने पहले भी कई अवैध यूनिटों को पकड़ा

इससे पहले भी संयुक्त टीम ने इस इलाके में ऐसी कई अवैध यूनिटों को पकड़ा था और उनकी क्लोजर की कार्रवाई शुरू की गई थी। ताजा कार्रवाई के विषय में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि ये यूनिट्स पर्यावरण मानकों का पालन नहीं कर रहीं थीं और बिना किसी अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था के औद्योगिक कचरा सीधे नालों में छोड़ा जा रहा था। इस पर टीम ने मौके से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं। पर्यावरण नियमों के उल्लंघन पर इन सभी 6 इकाइयों के खिलाफ क्लोजर (बंद करने) की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में बिना अनुमति चलने वाली किसी भी यूनिट के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नगर परिषद की टीम ने गिराया अवैध रूप से बना छज्जा



झज्जर। नप टीम द्वारा गिराया गया अवैध छज्जा। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मंगलवार को शहर के त्रिमूर्ति मंदिर के पीछे गली में नगर परिषद की टीम द्वारा माननीय उच्च न्यायायल के आदेशानुसार अवैध रूप से बने छज्जे को गिरा दिया। इस दौरान किसी तरह का विवाद ना हो, इसके लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र ने बताया कि माननीय अदालत के आदेशानुसार कार्रवाई की गई है।

इसके लिए बकायदा नोटिस देकर अवगत करवा दिय गया था। लेकिन उसके बावजूद संबंधित पक्ष द्वारा इसे नहीं हटाया गया। जिसके कारण ड्यटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में अवैध निर्माण को गिराया गया है।




# रोमांस के बाद एडल्ट कॉमेडी लेकर आए मिलाप जावेरी

**मंबई।** रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी की एडल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइजी मस्ती का चौथा भाग 'मस्ती 4' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 3 मिनट 4 सेकंड के इस ट्रेलर को देखकर पता चलता है कि फिल्म का कॉन्सेप्ट एक बार फिर एडल्ट कॉमेडी ही है। जहां फिल्म के तीनों प्रमुख कलाकार रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी एडल्ट जोक मारते नजर आएंगे। ट्रेलर में भी कई तरह के एडल्ट जोक सुनाई दे रहे हैं। मस्ती 4 का निर्देशन रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' फेम निर्देशक मिलाप जावेरी ने किया है।

## लाइफ Style

# यामी



## मेरे लिए दर्शक ही सबसे बड़ा पुरस्कार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म हक को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। हक अपनी रिलीज के करीब है और यामी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। विकी डोनर से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली यामी गौतम ने अपने कॅरियर में कई सराहनीय भूमिकाएं भी निभाई हैं।

अब यामी ने कोई बड़ा अवॉर्ड न जीत पाने पर कहा कि इन पुरस्कारों को खोना उन्हें परेशान नहीं करता। इस दौरान भगवत गीता का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि जितना मैंने भागवत गीता को समझा है, भगवान कृष्ण ने अर्जुन से जो कहा वह सच है। ऐसा नहीं है कि मैं सबसे आदर्श इंसान की तरह इतनी अलग हो गई हूं, लेकिन अगर आपमें सफलता और हारने के डर से अलग होने या किसी और के नजरिए से मान्यता पाने की क्षमता है, तो आप ठीक हैं। मैंने किसी से किसी भी तरह की मान्यता लेना बंद कर दिया है। अगर अवॉर्ड मिलता है तो मैं बहुत अच्छी एक्ट्रेस हूं, वरना शायद नहीं हूं। ऐसा मेरे साथ बिल्कुल भी नहीं है। साल 2013 में आई अपनी पहली फिल्म विकी डोनर के लिए यामी ने बेस्ट डेब्यू फीमेल के कई अवॉर्ड जीते थे। लेकिन, उसके बाद कई बड़े अवॉर्ड्स में नामित होने के बाद भी, यामी उन्हें जीत नहीं पाईं। इस पर अभिनेत्री ने कहा कि अब वह दर्शकों की प्रतिक्रिया से अपनी मान्यता लेती है। मेरे दर्शक मुझे प्यार करते हैं, कुछ निर्देशक और निर्माता मुझ पर दांव लगाने को तैयार हैं, इससे बड़ा पुरस्कार मेरे लिए क्या है। बाकी सब आना जाना है। लेकिन अगर यह किसी को खुश करता है, तो बढ़िया।

## हॉलीवुड मसाला



# जोनाथन को मिला अजीब टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन बेली को पीपल मैगजीन ने सेक्सिएस्ट मैन अलाइव 2025 का खिताब दिया है। यह जानकारी सोमवार को जिमी फॉलन के शो में शेयर की गई। इस बात की जानकारी जब जोनाथन बेली को लगी तो उन्होंने अपना रिएक्शन दिया। जिमी फॉलन के शो में ब्रिटिश एक्टर जोनाथन बेली ने बताया कि अपने नए खिताब की जानकारी उन्हें साल की शुरुआत में मिली। वह मजाकिया अंदाज में कहते हैं, मैं खुश हूं कि 2025 में पीपल मैगजीन ने मुझे इस खिताब के लिए चुना। मैं इस अचीवमेंट की कद्र करता हूं।




# चाइनाटाउन और वाइल्ड हार्ट से जीता दर्शकों का दिल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस डायने लैड अब इस दुनिया में नहीं हैं। 200 से अधिक फिल्मों में काम करने वाली अमेरिकी एक्ट्रेस का 89 साल की उम्र में निधन हो गया है। चाइनाटाउन और वाइल्ड एट हार्ट जैसी फिल्मों से दिल जीतने वाली डायने लैड के निधन ने हर किसी को सदमे में डाल दिया है। तीन बार ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन पा चुकीं एक्ट्रेस की बेटी लॉरा डर्न ने मां के निधन की पुष्टि करते हुए दुखद खबर शेयर की है। लॉरा डर्न ने मां को अद्भुत अभिनेत्री और मां के रूप में एक उपहार बताया है। डायने लैड का वायरल हो रहा आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट कई हफ्ते पहले, 17 सितंबर, 2025 का है। इसमें उन्होंने फैंस के साथ यह खबर शेयर की थी कि उनकी 2020 की फिल्म 'द लास्ट फुल मेजर' को कई प्लेटफार्मों पर ओटीटी रिलीज मिली है।



# एक बार फिर अपराध को मिटाने निकलीं


**मुंबई।** नेटफ्लिक्स की हिट सीरीज 'दिल्ली क्राइम' अपने नए सीजन के साथ वापस लौट रहा है। अब इस सीरीज के तीसरे सीजन का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज किया गया है। जिसे देखकर पता चलता है कि इस बार कहानी पिछले दोनों सीजन से ज्यादा इंटेंस और खतरनाक होने वाली है। इस बार डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी (शेफाली शाह) का मुकाबला हुमा कुरैशी से होगा। तीसरे सीजन में कहानी दिल्ली से आगे निकलती है। 2 मिनट 31 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि देश के अलग-अलग राज्यों की लड़कियों की तस्करी की जा रही है। इन लडकियों के बेचने का काम हुमा (बड़ी दीदी) करती हैं। इस गिरोह का पर्दाफाश करने की जिम्मदारी शेफाली (डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी) को मिलती है। बड़ी दीदी को पकड़ने के लिए डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी अपनी टीम के साथ लग जाती हैं।



# हिंदी फिल्म में काम करेंगे दग्गुबाती

**मुंबई।** बाहुबली फेम अभिनेता व निर्माता राणा दग्गुबाती की प्रोडक्शन कंपनी स्पिरिट मीडिया ने अपनी पांच आगामी फिल्मों की घोषणा कर दी है। सबसे खास बात कि इस लिस्ट में राणा दग्गुबाती के प्रोडक्शन हाउस की पहली हिंदी फिल्म भी शामिल है। इसमें बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी नजर आएंगे। राणा दग्गुबाती के स्पिरिट मीडिया की पहली हिंदी फिल्म अरविंद अडिगा के लोकप्रिय उपन्यास 'लास्ट मैन इन टावर'का रूपांतरण होगी। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी प्रमुख भूमिका में होंगे। इस फिल्म का निर्देशन अमेरिकी निर्देशक बेन रेखी करेंगे, जिन्होंने पहले आश्रम (2018) और वॉच लिस्ट (2019) का निर्देशन किया था। फिल्म की कहानी भारत की पृष्ठभूमि में नैतिक समझौतों, महत्वाकांक्षाओं और मानवीय रिश्तों की नाजुकता को दर्शाती है।

## टीवी मसाला



# मॉर्डन लव की जर्नी दिखाएगा शो स्प्लिट्सविला एक्स-6

**नई दिल्ली।** सीरियल 'कितनी मोहब्बत है'से करण कुंद्रा को पॉपुलैरिटी मिली। इसके बाद वह कई टीवी सीरियल का हिस्सा बने। आगे चलकर रियलिटी शो के होस्ट के तौर पर भी नजर आए। एमटीवी के रोडीज और लव स्कूल को करण कुंद्रा होस्ट कर चुके हैं। जल्द ही वह 'स्प्लिट्सविला एक्स-6' को होस्ट करेंगे। शो में उनकी को-होस्ट सनी लियोनी हैं। 'स्प्लिट्सविला एक्स-6' को लेकर करण कुंद्रा काफी एक्साइटेड हैं। एक बातचीत में कहते हैं, 'मैं 6 साल बाद एमटीवी पर वापस आ रहा हूं, यह बिल्कुल घर लौटने जैसा है। स्प्लिट्सविला शो तो मुझे हमेशा पसंद है। यह शो मॉर्डन लव की जर्नी को दिखाता है। स्प्लिट्सविला के नए सीजन को सनी लियोनी के साथ होस्ट करना एक शानदार एक्सपीरियंस होगा। मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड हूं कि कंटेस्टेंट्स क्या नए ट्विस्ट शो में लेकर लाते हैं। मुझे भरोसा है कि यह सीजन पहले से ज्यादा बोल्ड होगा, सरप्राइज से भरा होगा। करण कुंद्रा ने तनुज विरवानी को स्प्लिट्सविला के नए सीजन में रिप्लेस किया है। जहां तक शो के कॉन्सेप्ट की बात है तो इसमें यंग लड़के, लड़कियां एक विला में साथ रहते हैं। यहां पर वह किसी खास शख्स के प्यार को पाने की कोशिश करते हैं। शो के दौरान कंटेस्टेंट्स को कई टास्क भी दिए जाते हैं। शो के आखिरी में एक कपल को विनर बनाया जाता है।

## बिग बॉस 19 बन गया जंग का मैदान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के अपकमिंग एपिसोड के कुछ प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। शहबाज का पारा इन वीडियो में काफी गर्म नजर आ रहा है। वह मालती चाहर और तान्या मित्तल से बहसबाजी करते दिख रहे हैं। प्रोमो वीडियो में मालती चाहर ने शहबाज को कहा कि वह अमाल का सहारा ले रहा है। इस पर शहबाज ने मालती को दोगला कहा। शहबाज का कहना था कि कम से कम वह किसी के कंधे पर रखकर बंदूक तो नहीं चलता है।



दोनों की यह बातचीत धीरे-धीरे झगड़े में बदल गई। अमाल मलिक ने बीच में आकर दोनों को चुप कराना चाहा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। एक और प्रोमो वीडियो में तान्या मित्तल को भी शहबाज ने काफी कुछ सुनाया। वह कहते हैं, 'मैं बताता हूं तान्या की सच्चाई। यह हर बात पर रोती है, लोगों को बताना चाहती है कि मैं कितनी अच्छी हूं।' आगे अशनूर ने भी तान्या पर तंज कसा कि वह सिम्पेथी कार्ड खेल रही है। पिछले हफ्ते बिग बॉस 19 से स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणीत मोरे बाहर हुए। इस हफ्ते भी कई प्रतियोगी घर से बाहर होने के लिए नॉमिनेट होंगे। इन दिनों शो में सबसे ज्यादा चर्चा में सिंगर अमाल मलिक, तान्या मित्तल और मालती चाहर हैं।

# आलिया-शर्वरी की फिल्म अल्फा की रिलीज टली




**मुंबई।** आलिया भट्ट, शर्वरी वाघ और बॉबी देओल स्टारर अल्फा की रिलीज टल गई है। वीआरएफ स्पाई यूनिवर्स की यह एक्शन एंटरटेनर पहले इसी साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब इसे अगले साल अप्रैल, 2026 तक के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है। अब यह फिल्म 17 अप्रैल, 2026 को रिलीज होगी। बताया गया है कि फिल्म के वीएफएक्स का काम अभी बाकी है और इसे बेहतरीन विजुअल एक्सपीरियंस देने के लिए अभी और वक्त लगेगा। 'अल्फा' के साथ ही 'स्पाई यूनिवर्स' में आलिया भट्ट और शर्वरी वाघ की एंट्री होने वाली है। इस फिल्म में अनिल कपूर भी नजर आएंगे, जो हाल ही फ्रेंचाइज की फिल्म 'वॉर 2' में भी नजर आए थे। 'अल्फा' को पोस्टपोन करने का फैसला ऐसे समय आया है, जब फ्रेंचाइजी की पिछली दो फिल्में 'वॉर 2' और 'टाइगर 3' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं कर पाईं। समझा जा रहा है कि मेकर्स ऐसे में सीरीज की अगली फिल्म में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। यशराज फिल्म्स के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा है,'अल्फा, हमारे लिए बेहद खास फिल्म है और हम इसे सबसे बेहतरीन सिनेमाई अंदाज में दर्शकों के सामने पेश करना चाहते हैं। हमें एहसास हुआ कि वीएफएस में पहले के अनुमान से अधिक समय लगेगा। हम इसमें कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं और अल्फा को एक ऐसी थिएट्रिकल एक्सपीरियंस बनाना चाहते हैं, जिसे लोग याद रखें।

# किंग में शाहरुख का विलेन राघव और अभिषेक से तगड़ी भिड़ंत, बाप-बेटी मचाएंगे तबाही

*शाहरुख खान ने अपने 60वें जन्मदिन पर अपनी फिल्म 'किंग' के टाइटल को रिलीज किया। अब फिल्म से जुड़ी कुछ बातें निकलकर सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी बात ये है कि फिल्म में दो टाइमलाइन होंगी। शाहरुख की लाइफ के अलग-अलग फेज दिखाए जाएंगे।*



**मुंबई।** एक रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान के 'किंग' की दो अलग-अलग टाइमलाइन होंगी। कथित तौर पर, एक्टर अपनी लाइफ के कई फेजेस में अपना किरदार निभाते नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो शाहरुख खान के किरदार का यंग वर्जन राघव जुयाल से लड़ेगा, जो कथित तौर पर एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। इस बीच, रिपोर्ट के अनुसार बड़े किंग विलन अभिषेक बच्चन से भिड़ेंगे। शाहरुख और अभिषेक कई सालों बाद फिर से पर्दे पर साथ नजर आएंगे। दोनों ने आखिरी बार कभी अलविदा ना कहना और हैप्पी न्यू ईयर में साथ काम किया था। वहीं, राघव जुयाल ने हाल ही में शाहरुख के बेटे आर्यन खान के निर्देशन में बनी पहली फिल्म द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग से सभी को चौंका दिया था। इस फिल्म से शाहरुख की बेटी सुहाना खान बड़े पर्दे पर डेब्यू करेंगी। उन्होंने नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पिता-बेटी की इस जोड़ी के अलावा, फिल्म में अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अरशद वारसी, जयदीप अहलावत, जीशु सेनगुप्ता, अक्षय ओबेरॉय, राघव जुयाल, अभय वर्मा और सौरभ शुक्ला भी हैं। सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया

# क्रिकेट बोर्ड के पास नहीं थे पैसे, तब इस एक्ट्रेस ने खुद उठाया पूरा खर्चा

*नई दिल्ली। वो अक्सर कैमरे के सामने मुस्कुराती दिखती थीं। कभी क्रिकेट शो होस्ट करते हुए, कभी किसी इवेंट में अपने स्टाइल से सबका ध्यान खींचते हुए। लेकिन, किसी को नहीं पता था कि कैमरे के पीछे वो कुछ ऐसा कर रही थीं, जो इतिहास में दर्ज हो जाएगा। 2000 के दशक की शुरुआत में जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पास फंड नहीं था, तब एक टीवी स्टार और एक्ट्रेस ने चुपचाप मदद का हाथ बढ़ाया। आखिर कौन थीं वो बॉलीवुड की इनविजिबल स्पॉन्सर? अगर आप अब तक समझ नहीं पाए हैं तो आपको बता दें कि वह कोई और नहीं, बल्कि बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस मंदिरा बेदी हैं।*



### जब पैसों से नहीं दिल से हुई मदद

दरअसल, मंदिरा बेदी ने उस वक्त महिला क्रिकेट टीम को संभाला जब उनके पास जर्नी तक के पैसे तक नहीं थे। उन्होंने अपनी कमाई, यानी पूरी एंडोर्समेंट फीस, टीम को दे दी ताकि खिलाड़ी विदेश में खेल सकें, टिकट खरीद सकें और तैयारी जारी रख सकें। इतना ही नहीं, उन्होंने एक ज्वेलरी ब्रांड को भी टीम के स्पॉन्सर के रूप में जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। ये किसी फिल्मी स्क्रिप्ट जैसा था, जहां ग्लैमर वर्ल्ड की स्टार पर्दे के पीछे असली हीरो बन गईं।

### जिसने बदलाव की नींव रखी



मंदिरा बेदी की ये मदद उस समय किसी चमत्कार से कम नहीं थी। जब महिला क्रिकेट को लेकर किसी को भरोसा नहीं था, तब उन्होंने बिना किसी शोर के अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। उनकी वजह से खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिला, टीम टूटी नहीं, बल्कि और मज़बूत होती गई। वक्त बीतता गया, हालात बदले और आखिर 2006 में बीसीसीआई ने महिला क्रिकेट को अपने अधीन ले लिया। तब जाकर दुनिया को समझ आया कि कभी किसी ने चुपचाप इस सपने को ज़िंदा रखा था। मंदिरा बेदी ने बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया।

## खबर संक्षेप

### वंदे मातरम पर ऑनलाइन क्विज 11 नवंबर तक

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि 'वंदे मातरम' गीत की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक विशेष ऑनलाइन



क्विज का आयोजन किया जा रहा है। इस क्विज का उद्देश्य राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के इतिहास, भावार्थ और स्वतंत्रता संग्राम में उसके महत्व से नागरिकों को अवगत कराना है। क्विज के माध्यम से प्रतिभागियों में देशभक्ति, एकता और मातृभूमि के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहन दिया जाएगा। रोचक प्रश्नों के जरिये प्रतिभागियों को 'वंदे मातरम' के सांस्कृतिक व राष्ट्रीय महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अवसर है। यह क्विज आगामी 11 नवंबर तक ऑनलाइन मोड में आयोजित की जाएगी।

## राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में प्रतियोगिता का आयोजन

# स्लोगन लेखन में दीपांशी व रंगोली में प्रिंसी रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में महिला प्रकोष्ठ द्वारा रंगोली तथा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. अन्नू ने बताया कि प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित स्पर्धाओं में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. नवीन कुमार पूनिया, दीक्षा व राकेश ने निभाई। प्रतियोगिता परिणामों में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा दीपांशी ने प्रथम, बीएससी द्वितीय वर्ष से साक्षी ने द्वितीय और बीकॉम प्रथम वर्ष से मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रिंसी ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की प्रिया ने द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष से कनिष्ठा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



झज्जर। रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि



बहादुरगढ़। पोस्टर स्लोगन बनाती वैश्य बीएड कॉलेज की छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### पोस्टर-स्लोगन द्वारा किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में गुरु नानक देव जी की जयंती बड़े श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। स्वयंसेविकाओं ने पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से गुरु नानक देव जी के विचारों और शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। स्वयंसेविकाओं ने गुरु नानक देव के उपदेशों पर आधारित आकर्षक पोस्टर बनाए और प्रेरणादायी नारों के माध्यम से समाज में मानवता, समानता, सत्य, करुणा और सेवा की भावना फैलाने का प्रयास किया। प्रिंसिपल डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज को एक ईश्वर में विश्वास, सब में समानता, श्रम की महत्ता, ईमानदारी से जीवन यापन और सेवा भावना का संदेश दिया था। उन्होंने जाति-पांति, ऊंच-नीच और भेदभाव का विरोध करते हुए एक ओंकार सतनाम का मंत्र दिया, जो आज भी मानवता के लिए मार्गदर्शक है। स्वयंसेविकाओं ने समाज में गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए युवा पीढ़ी को उनके आदर्श जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

## अंतर विद्यालय हरियाणा सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



झज्जर। होनहार प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुंडाखेड़ा में चौधरी हरिराम फलसवाल की स्मृति में अंतर विद्यालय हरियाणा सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बादली और फर्रूखनगर खण्डों के राजकीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालय फर्रूखनगर सहित दस टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का पहला चरण हरियाणा के इतिहास, भूगोल, पर्यावरण, प्रशासन, संस्कृति, कला, समाज, शिक्षा, खेल और व्यक्तित्व पर तथा दूसरा रैपिड फायर राउंड रहा। जिसमें दो मिनट में दस प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक चरण के अंक समान रहे। मंच संचालन सुचेता कादियान ने किया। प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुंडाखेड़ा की टीम ने पहला, नवोदय विद्यालय फर्रूखनगर की टीम ने दूसरा तथा माध्यमिक विद्यालय, लगरपुर की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। हरियाणवी भाषा की इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को श्रोताओं ने बहुत सराहा। विजेता पहली टीम को 21सौ रुपए, दूसरी टीम को 15सौ रुपए और तीसरी टीम को 12सौ रुपए पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए। प्रतियोगिता का निर्णय नवोदय विद्यालय फर्रूखनगर की अध्यापिका सोनिका, मुंडाखेड़ा विद्यालय की मनीषा तथा लगरपुर माध्यमिक विद्यालय की काजल ने किया। जबकि माध्यमिक विद्यालय मुबारिकपुर की संतोष कुमारी ने टाईम कीपर का कार्य किया।

# सैनीपुरा में दिया शूरसैन जयंती का निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हरियाणा सैनी सभा के पदाधिकारी मंगलवार को बहादुरगढ़ के सैनीपुरा पहुंचे और नारनौल में प्रदेश स्तर पर मनाई जा रही महाराजा शूरसेन सैनी जयंती का निमंत्रण दिया। सैनी सभा के प्रधान धर्मचंद सैनी, प्रधान रघुवीर सैनी व प्रधान देवी सिंह का स्वागत करते हुए प्रधान जसबीर सैनी ने बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में भाग लेने का आश्वासन दिया। प्रधान धर्मचंद सैनी, रघुवीर सैनी व देवी सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी जयंती में मुख्यअतिथि होंगे।

- मुख्यमंत्री नायब सैनी जयंती में मुख्यअतिथि होंगे



बहादुरगढ़। शूरसैन जयंती का निमंत्रण देते सैनी समाज के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### मौके पर ये मौजूद रहे

जसबीर सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश स्तर पर सभी महापुरुषों की जयंती मना रही है। इस अवसर पर प्रधान रोहित सैनी, गौरव सैनी, भूपेंद्र आढ़ती, सुभाष सैनी, अतरे मिस्त्री, धर्मबीर सैनी, नफे सैनी, कुलदीप सैनी, रूप सैनी, नवीन सैनी, पुनीत सैनी, राजेश सैनी, धर्मबीर सैनी, रामकुमार सैनी, अनिल सैनी, राजपाल सैनी, कंवर सैनी, सुनील सैनी, राज कपूर, ललित सैनी, नीरज, कृष्ण सैनी, राजू, मनोज व करण सैनी आदि मौजूद रहे।

## झज्जर व बहादुरगढ़ न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर को

**झज्जर।** आगामी 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन झज्जर एवं बहादुरगढ़ न्यायिक परिसर में किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव



एवं सीजेएम विशाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत प्राधिकरण की ओर से जिला न्यायालय परिसर में तथा जिला एडीआर सेंटर में एक हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है। जिसमें कोर्ट परिसर में आने जाने वाले लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जागरूक करते हुए लोक अदालत के फायदे बताए जा रहे हैं। इस हेल्प डेस्क में एक रिटेनर एडवोकेट व एक पैरा लीगल वालिंटियर की ड्यूटी लगाई गई है। राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए विभिन्न बैंकों, सरकारी विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया गया। जिसमें आम जनता को अधिकतम छूट एवं वाहन बिजली विभाग, सिंचाई विभाग व पंचायती राज, जिससे आम जनता को लोन रिकवरी केस में अधिकतम छूट वाहन दुर्घटना मुआवजा में अधिकतम मुआवजा आपसी सहमति के आधार पर दिया जा सके।

## उत्तीर्ण छात्राओं में जिया व यशिका शामिल

# सीए फाउंडेशन परीक्षा में सफल हुई संस्कारम् की दो छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

हाल ही में घोषित सीएम फाउंडेशन परीक्षा परिणामों में संस्कारम स्कूल खातीवास की दो मेधावी छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण कर संस्थान का नाम रोशन किया है। उत्तीर्ण छात्राओं में जिया व यशिका शामिल है। इस सफलता पर संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने दोनों छात्राओं को विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कि इस उपलब्धि से यह साबित हो गया है कि यह संस्थान केवल स्कूली शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों को उनके करियर के शुरुआती चरणों में ही मज़बूत नींव प्रदान कर रहा है। यह सफलता आने वाले वर्षों में सीए की तैयारी करने वाले अन्य विद्यार्थियों के लिए एक मिसाल कायम करेगी। जिया और यशिका ने अपनी सफलता का श्रेय पूरी तरह से स्कूल के शिक्षकों और उनके बनाए गए अनुशासित अध्ययन वातावरण को दिया।



झज्जर। होनहार छात्राओं को सम्मानित करते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## जसौरखेड़ी में सफाई के बाद निकाली रैली



बहादुरगढ़। जसौरखेड़ी कॉलेज में सफाई करती स्वयंसेविकाएं। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** गांव जसौरखेड़ी स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन मंगलवार को योगाभ्यास, सफाई और व्याख्यान के बाद स्वयंसेविकओं ने जागरुकता रैली निकाली। एनएसएस इंचार्ज श्वेता राठी, मंजीत कुमार, अनिल कुमार समेत अन्य स्टाफ सदस्यों की देखरेख में स्वयंसेविकाओं ने जसौर गांव में नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से छात्राओं ने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने गांव के पंचायत भवन का भ्रमण भी किया। जहां ग्रामीणों ने उन्हें गांव के इतिहास और परंपराओं की जानकारी दी। राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ के सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) डॉ. जोगेंद्र ने महिला अधिकार विषय पर एक प्रेरक व्याख्यान दिया। प्राचार्या डॉ. संदीप किराड़ ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## स्कूल स्टॉफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया

# डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई गुरु नानक देव की जयंती



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

> विद्यार्थियों द्वारा गुरु नानक के जीवन से संबंधित विभिन्न विचार और नीतियां प्रस्तुत की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में गुरू नानक देव जी का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें स्कूल स्टॉफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। विद्यार्थियों द्वारा गुरु नानक के जीवन से संबंधित विभिन्न विचार और नीतियां प्रस्तुत की गई। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा गुरु नानक देव के द्वारा प्रदान की गई अनेक नीतियों जैसे लंगर प्रथा की शुरुआत करने , बाहरी आडंबरों का विरोध करने और जाति ,धर्म से संबंधित आपस में भेदभाव न करने जैसी नीतियों से अवगत करवाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के द्वारा गुरु नानक देव जी द्वारा रचित रचनाएं गुरु वाणी से कुछ कविताएं भी पढ़ कर सुनाई गई। प्राचार्य पंकज वालिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी समानता, सामाजिक न्याय और भक्ति पर जोर देते थे। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरु नानक देव जी के दिखाए मार्ग पर चलने की बात कही।

## रेजांगला शहादत कलश यात्रा कल झज्जर में

**झज्जर।** बीती तेरह अप्रैल से बिहार के छपरा जिले निकली रेजांगला शहादत कलश यात्रा वीरवार को जिले में प्रवेश करेगी। यादव महासभा के पूर्व प्रधान वीरेंद्र दरोगा ने बताया कि 18 नवंबर 1962 को दीवाली के दिन हमारे जवानों ने शहादत दी थी। उनकी कलश यात्रा देश के अलग-अलग प्रदेशों से होती हुई झज्जर पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा रेजांगला शहीदों के गांव-गांव जाकर को रेजांगला युद्ध भूमि की माटी के साथ शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि व उनके परिवारों को सम्मान व नमन करते हुए आगे बढ़ रही है। यात्रा सुबह साढ़े नौ बजे सैनिकों की वीर भूमि आदर्श गांव पलडा से रेजांगला युद्ध 1962 के शहीद रतन सिंह यादव तथा भारत- चीन युद्ध के शहीद प्यारेलाल तुंबाहेड़ी, शहीद सूरजा दुजाना, शहीद शेर सिंह बालौर और शहीद धर्मपाल दहिया को श्रद्धांजलि देगी। उन्होंने बताया कि यह यात्रा प्रातः दस बजे पलड़ा गांव से चलकर साढ़े दस बजे जहाजगढ़, पौने ग्यारह बजे खातीवास, ग्यारह बजे खेड़ी खुम्मार, बारह बजे भगत सिंह चौक, सवा बारह बजे शहर के रविंद्र छिक्कारा चौक, साढ़े बारह बजे अंबेडकर चौक, पौने एक बजे यादव धर्मशाला, एक बजे रेजागंला शहीदी चौक, सवा एक बजे राव तुलाराम चौक से होते हुए डेढ़ बजे कृष्ण भवन में ठहराव करेगी। उपरांत यह फारुर्खनगर से होते हुए गुरुग्राम जिले में प्रवेश करेगी।



वीरेंद्र दरोगा, पूर्व प्रधान यादव महासभा

- जिले के विभिन्न गांवों में किया जाएगा यात्रा का स्वागत

## जन आक्रोश कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ताओं का जताया आभार

**झज्जर।** इंडियन नेशनल लोकदल द्वारा सोमवार को किए किसान जन आक्रोश कार्यक्रम की सफलता पर इनेलो के प्रदेश महासचिव विजय पचगांवा ने जिले के कार्यकर्ताओं का आभार जताया है। मंगलवार को स्थानीय इनेलो कार्यालय पहुंच कर उन्होंने जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिले के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी की शक्ति और संगठनात्मक क्षमता को मजबूती से प्रदर्शित किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को भविष्य में और अधिक प्रभावी तरीके से संगठन को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए। इस मौके पर कार्यालय सचिव पवन धनखड़, महेंद्र सैन, शहरी अध्यक्ष हरमेश सैनी, प्रेस प्रवक्ता योगेश सैनी, चीनू गुर्जर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।




झज्जर। कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित प्रदेश महासचिव विजय पचगांवा। फोटो : हरिभूमि

# राधे नाम के जयघोष से गूंजा बहादुरगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भक्ति, आनंद और प्रेम से सराबोर वातावरण में बहादुरगढ़ नगर में आनंदमयी राधा नाम नगर परिक्रमा का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। यह पावन परिक्रमा श्री शांति प्रेम मंदिर से आरंभ हुई और पूरे नगर में भक्ति और उल्लास का वातावरण फैल गया। राधे-राधे के जयघोष से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जो भक्ति भाव से झूमती हुई नगर परिक्रमा में शामिल हुई। इस अवसर पर श्री जी ठाकुर जी और गुरुदेव की कृपा सभी पर दृष्टिगोचर हुई। आयोजन में दीदी मीनाक्षी और दीदी कमलेश की पावन उपस्थिति ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित कर दिया। भजन संध्या के दौरान दीदी मीनाक्षी ने स्वयं भक्ति रस से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किए, जिन्होंने श्रद्धालुओं के हृदयों को गहराई से स्पर्श किया।



बहादुरगढ़। भक्ति और उल्लास के साथ नगर परिक्रमा निकालते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

## स्वयंसेवकों ने समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया

# स्वयंसेवकों ने निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बादली के राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के एकदिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की थीम नशा मुक्ति रखी गई। इसके तहत स्वयंसेवकों ने समाज को नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर नशा मुक्ति रैली को रवाना कर किया। रैली में स्वयंसेवकों ने नशा छोड़ो, जीवन संवारो, स्वस्थ जीवन ही सच्चा जीवन जैसे नारों से पूरे क्षेत्र में जनजागरण का संदेश फैलाया। शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे हरिओम आर्य ने कहा कि नशा व्यक्ति ही नहीं, पूरे समाज को कमजोर करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।

> डॉ. आनंद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया




बहादुरगढ़। जागरुकता रैली निकालते बादली कॉलेज के स्वयंसेवक।

### उत्साह और एकता का संचार किया

एनएसएस स्वयंसेवकों ने विभिन्न खेलकूद और समूह गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दौड़ , रस्साकशी और टीम स्पिरिट पर आधारित कई खेलों ने प्रतिभागियों में उत्साह और एकता का संचार किया। शिविर का सफल संचालन डॉ. रेणु गुलिया और संदीप मौन के नेतृत्व में किया गया। दोनों ने स्वयंसेवकों के अनुशासन, जोश और समाजसेवा के प्रति समर्पण की सराहना की। नशा मुक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज की दिशा में एक सतत संकल्प है।

# सीए फाउंडेशन परीक्षा में सफल हुए इंडो अमेरिकन स्कूल के दो विद्यार्थी

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल के दो विद्यार्थियों ने सीए फाउंडेशन परीक्षा में सफलता हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने बताया कि उनके संस्थान के छात्र साहिल व दीपांशु ने पहले ही प्रयास में यह सफलता प्राप्त कर इतिहास रचा है। मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने अभिभावकों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन को दिया। उनकी इस सफलता पर स्कूल प्रबंधन द्वारा दोनों विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता एक दिन में नहीं मिलती, इसके लिए निरंतर प्रयास, आत्मविश्वास और धैर्य की आवश्यकता होती है।



झज्जर। होनहार छात्र साहिल व दीपांशु।

**सूचना**

मैं, डिम्पल (Dimple) पुत्री श्री दीपक सिंह (Deepak Singh) निवासी मकान नंबर 352/17, गली नंबर-3, महाबीर पार्क, बहादुरगढ़, तहसील व जिला झज्जर बयान करती हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरे पिताजी का नाम दीपक सिंह (Deepak Singh) है व मेरी 10वीं कक्षा की मार्कशीट में मेरे पिताजी का नाम दीपक कुमार (Deepak Kumar) है। दीपक सिंह (Deepak Singh) व दीपक कुमार (Deepak Kumar) एक ही व्यक्ति के दो नाम है जो की मेरे पिता जी के ही है। भविष्य में मेरे पिता जी को दीपक कुमार (Deepak Kumar) के नाम से जाना जाए।

## उखलचना गांव की बेटी निशु फलस्वाल बनी लेफ्टिनेंट



झज्जर। अपने परिजनों के साथ नव चयनित लेफ्टिनेंट निशु फलस्वाल।

झज्जर। क्षेत्र के गांव उखलचाना कोट की बेटी निशु फलस्वाल का चयन भारतीय सेना की मेडिकल कोर में लेफ्टिनेंट पद पर हुआ है। निशु के पिता रिटायर्ड सूबेदार विनोद कुमार ने बताया कि निशु का जन्म फौजी परिवेश में ही हुआ। उन्होंने बताया कि वे जहां स्वयं आर्मी मेडिकल कोर में सेवारत रहे वहीं निशु के दादा स्वर्गीय कैप्टन दलपत सिंह व ताऊ सूबेदार राकेश कुमार भी आर्मी मेडिकल में सेवा दे चुके हैं। अब इस परिवार की तीसरी पीढ़ी ने लेफ्टिनेंट बन कर जिले का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि निशु ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की थी। उन्होंने आमजन को दिए अपने संदेश में भी लोगों को बेटियों को पढ़ाने का संदेश देते हुए कहा कि वे पढ़ेंगी तभी तो आगे बढ़ेंगी।

### हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष ने विजेताओं को पहनाए मेडल

# लड़कों में झज्जर और लड़कियों में गुरुग्राम के तैराकों का दबदबा

**विजेता एथलीटों के प्रमाण पत्रों का ग्रेडेशन भी होगा और इसके लिए पॉलिसी में संशोधन का नोटिफिकेशन भी जल्द हो जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

27वें हरियाणा राज्य खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन लड़कों में झज्जर और लड़कियों में गुरुग्राम के तैराकों का दबदबा रहा है। हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मीनू बेनीवाल और उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने दूसरे दिन मंगलवार को प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

मीनू बेनीवाल ने विजेता तैराकों को मेडल पहनाते हुए कहा कि हरियाणा स्टेट गेम्स से खिलाड़ियों को बड़ा मंच मिला है। विजेता तैराक नेशनल गेम्स में भी हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। विजेता एथलीटों के प्रमाण पत्रों का ग्रेडेशन भी होगा और इसके लिए पॉलिसी में संशोधन का नोटिफिकेशन भी जल्द हो जाएगा। झज्जर के तैराक अतुल धनखड़ ने दूसरे दिन 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में भी गोल्ड मेडल जीता। झज्जर के रोहित ने सिल्वर मेडल और जींद के सचिन ने कांस्य पदक जीता। लड़कियों में गुरुग्राम की साम्या शिंगारी ने 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में गोल्ड, झज्जर की प्रियांशी ने सिल्वर और स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हरियाणा की हिना फोगाट ने कांस्य पदक जीता।




बहादुरगढ़। विजेता तैराकों को सम्मानित करते मीनू बेनीवाल और अनिल खत्री। फोटो : हरिभूमि

### लड़कों के 100 मीटर बैकस्ट्रोक में गुरुग्राम के अर्जुन को गोल्ड

लड़कों के 100 मीटर बैकस्ट्रोक में गुरुग्राम के अर्जुन ने गोल्ड, अनंत ने सिल्वर और शाह सतनाम के नवीन ने कांस्य पदक जीता। लड़कियों में सोनीपत की भारती ने गोल्ड, गुरुग्राम की ईवा ने सिल्वर और गुरुग्राम की आशिमा ने कांस्य पदक जीता। फ्री स्टाइल 200 मीटर में गुरुग्राम के अर्जुन ने गोल्ड, झज्जर के इशांत ने सिल्वर और झज्जर के प्रशांत ने कांस्य पदक जीता। लड़कियों में गुरुग्राम की साम्या शिंगारी ने गोल्ड, सोनीपत की भारती ने सिल्वर और गुरुग्राम की आद्या शर्मा ने कांस्य पदक जीता। फ्री स्टाइल 800 मीटर में झज्जर के इशांत ने गोल्ड, प्रशांत ने सिल्वर व जींद के आदित्य ने कांस्य पदक जीता। फ्री स्टाइल रिले 4 गुणा 100 मीटर में जींद ने गोल्ड और झज्जर ने सिल्वर मेडल जीता। अनिल खत्री ने बताया कि तैराकी प्रतियोगिता 5 नवंबर को भी जारी रहेगी। जबकि 6 को वाटरपोलो और 7 नवंबर को ट्रायथलॉन प्रतियोगिता के मुकाबले होंगे। इस मौके पर रवि शिंगारी, सुरेश जून, सुनील खत्री, बलवान कादयान, हनुमान खत्री, इंस्पेक्टर विकास, जगदीश, कोच साई जाधव आदि मौजूद रहे।




झज्जर। भदाना गांव की चौपाल में बनाया गया विशाल रेखाचित्र। फोटो : हरिभूमि

### रेखाचित्र के माध्यम से किया श्री गुरुनानक देव जी को नमन

झज्जर। गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा ने श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश महोत्सव की पूर्व संध्या पर उनका एक रंगोली रेखाचित्र बनाकर शत-शत नमन किया। मुकेश शर्मा ने बताया कि गुरु नानक देव जयंती को इस बार गुरु नानक देव जी की 557 वीं जयंती के रूप में मनाया जाएगा। इस चौपाल रंगोली में पूर्व सैनिक देवीदत्त शर्मा, सूबेदार सुभाष शर्मा, रामवतार शर्मा, रमेश कौशिक, केशव शर्मा, अर्जुन शर्मा, अलीशा शर्मा ने भगवान गुरु नानक देव जी को शत-शत नमन किया।

## बेरोजगारी भत्ता स्कीम के लिए 30 तक करें आवेदन


झज्जर। जिला रोजगार अधिकारी सुनीता फौगाट ने बताया कि रोजगार विभाग हरियाणा द्वारा प्रतिवर्ष पुरानी बेरोजगारी भत्ता स्कीम के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर है। उन्होंने बताया कि जिला के सभी बेरोजगार प्रार्थी विभागीय साइट एचटीटीपीएसः//एचआरईएक्स.जीओवीइन पर ऑनलाइन आवेदन कर अपने दस्तावेज रोजगार कार्यालय में जमा करवा सकते है। पहले से बेरोजगारी भत्ता ले रहे प्रार्थी विभागीय साइट पर अपना ऑनलाइन आवेदन करने उपरांत अपना शपथ पत्र भी रोजगार कार्यालय में जमा करवाएं।



बहादुरगढ़। हार्दिक अहलावत का स्वागत व सम्मान करते प्रवीण छिल्लर। फोटो : हरिभूमि

### बहरीन से जीतकर लौटे हार्दिक का स्कूल में स्वागत

बहादुरगढ़। बहरीन में आयोजित तीसरे युवा एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करके लौटे हार्दिक अहलावत का मंगलवार को बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जोरदार स्वागत किया गया। होनहार खिलाड़ी हार्दिक ने मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर बहादुरगढ़ के साथ देश-प्रदेश का मान बढ़ाया। मंगलवार को स्कूल परिसर में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में डायरेक्टर एडवोकेट प्रवीण छिल्लर, प्रधानाचार्या डॉ. पूनम चौधरी और कोच सुरेन कुमार ने हार्दिक को सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ पूनम चौधरी ने बताया कि हार्दिक ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन से यह उपलब्धि हासिल की है, जो अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है। प्रवीण छिल्लर ने बताया कि बहरीन में आयोजित तीसरे युवा एशियाई खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन के चलते हार्दिक अहलावत का चयन आगामी यूथ ओलंपिक के लिए हो गया है। यह उपलब्धि न केवल परिवार और स्कूल बल्कि पूरे बहादुरगढ़ क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। कोच सुरेन कुमार ने कहा कि हार्दिक शुरू से ही मेहनती और अनुशासित खिलाड़ी रहा है, उसकी यह सफलता स्वर्णिम भविष्य की शुरुआत है।



बहादुरगढ़। आदि कैलाश में दौड़ लगाने वाले बीआरजी के धावक।

### आदि कैलाश परिक्रमा रन में दौड़े बीआरजी के 13 धावक

बहादुरगढ़। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में आयोजित ऐतिहासिक आदि कैलाश परिक्रमा रन में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के 13 धावकों ने हिस्सा लिया। इस हाई एल्टीट्यूड अल्ट्रा मैराथन में धावकों ने 10 हजार 300 फीट से लेकर 15 हजार फीट की ऊंचाई पर माइनस 10 डिग्री तापमान में दौड़ लगाई। देश के पहले हाई एल्टीट्यूड अल्ट्रा मैराथन में बीआरजी के दर्जन से अधिक धावकों ने जज्बा दिखाया। आदि कैलाश (जोलिंगकोंग) के बेस पर आयोजित दौड़ के माध्यम से युवाओं को नशामुक्त और फिट जीवन की प्रेरणा दी गई। बीआरजी के संस्थापक दीपक छिल्लर ने बताया कि कर्नल कृष्ण बधवार ने 60 किलोमीटर 51—60 आयु वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रवीन सांगवान, बादल तेवतिया, मास्टर मुकेश कुमार, बसंत सिंह और कुणाल चौधरी ने 60 किलोमीटर अल्ट्रा रन को सफलतापूर्वक पूरा किया। सागर ओहल्यान और रवि कुमार ने 21 किलोमीटर हाफ मैराथन में बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह दौड़ मानसिक, शारीरिक और आत्मिक दृढ़ता की एक सच्ची परीक्षा थी।

## नप चेयरमैन ने लिया शहर में हो रहे विकास कार्यों का जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

■ विकास कार्यों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करना प्रशासन की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। शहर में चल रहे विकास कार्यो का जायजा लेते हुए नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार दोपहर बाद नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने वार्ड नंबर एक और वार्ड नंबर पांच में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा कार्यों की गुणवत्ता और गति पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि नप क्षेत्र में विकास कार्यों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करना प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया निर्माण कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यो की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याएं भी सुनी। उन्होंने कहा कि नगर परिषद शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में शहर को और अधिक सुंदर व स्वच्छ बनाने की दिशा में कई नए कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान जेई अतुल कुमार, पार्षद दिनेश छिकारा, पार्षद प्रतिनिधि बिट्टू छाबड़ा, पार्षद प्रतिनिधि जय सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## डीसीपी ने ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ एमपी माजरा में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

पुलिस उपायुक्त बहादुरगढ़ मयंक मिश्रा ने गांव एमपी माजरा में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही बताया कि आज के समय में समाज की सबसे बड़ी चुनौती नशे और अपराध से दूर रहना है।

डीसीपी मयंक मिश्रा ने युवाओं से कहा कि असली ताकत बुराई से लड़ने में है। वे अपने परिवार, समाज व देश के लिए एक मिसाल बनें। डीसीपी ने युवाओं को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 और 9050891508 के बारे में जागरूक किया। उन्होंने किसी को नशे की खरीद-फरोख्त या इससे जुड़ी कोई गतिविधि दिखाई देने पर इन नंबरों पर जानकारी देने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। जब समाज एकजुट होगा, तभी यह जहर खत्म होगा। साथ ही उन्होंने साइबर अपराधों के मामलों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि आजकल कई लोग ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार बन रहे हैं। क्योंकि वे बिना सोचे-समझे अपने बैंक या ओटीपी की जानकारी साझा कर देते हैं। कभी भी अपने निजी दस्तावेज, बैंक विवरण या ओटीपी किसी को न बताएं। डीसीपी मयंक मिश्रा ने बताया कि साइबर फ्रॉड का एक कारण लापरवाही और लालच भी है। अगर हम सावधान रहें और किसी भी संदिग्ध लिंक या ऑफर पर क्लिक न करें, तो सुरक्षित रह सकते हैं। साइबर ठगी होने पर तुरंत साइबर अपराध की शिकायत पोर्टल या 1930 हेल्पलाइन पर दर्ज करवाएं। खेलकूद और शिक्षा समाज को आगे बढ़ाने की दो सशक्त नींव हैं। गलत संगत और बुरे दोस्तों से बचना बेहद जरूरी है।



बहादुरगढ़। पौधरोपण करते डीसीपी मयंक मिश्रा।



झज्जर। शिक्षकों के साथ विजय चिन्ह बनाते हुए छात्र साहिल। फोटो : हरिभूमि

### पेस ग्रुप के छात्र साहिल ने सीए फाउंडेशन परीक्षा में पाई सफलता

झज्जर। पेस ग्रुप के छात्र साहिल ने सीए फाउंडेशन परीक्षा में सफलता हासिल की है। डायरेक्टर जय विकास ने बताया कि साहिल ने दो सौ से अधिक अंक प्राप्त कर परीक्षा में सफलता पाई है। इस उपलब्धि पर पेस ग्रुप के चेयरमैन युद्धवीर, डायरेक्टर जय विकास, मैनेजिंग डायरेक्टर हरीश, संदीप और सुमित चावला ने शिक्षक विशाल बंसल के प्रयासों की सराहना करते हुए साहिल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## युवा शिखर सम्मेलन में दिखीं प्रतिभाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर-2 स्थित केआर मंगलम वर्ल्ड स्कूल में दो दिवसीय युवा शिखर सम्मेलन का भव्य आयोजन उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में बहादुरगढ़ के साथ-साथ दिल्ली एनसीआर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्पिता आचार्या समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद प्रस्तुत किए गए सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य एवं योग प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया। प्रिंसिपल अर्पिता आचार्या ने कहा कि युवा शक्ति ही देश का भविष्य है, और ऐसे आयोजनों से उनमें नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। इस दो दिवसीय सम्मेलन में विद्यार्थियों ने मानवाधिकार, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), पर्यावरण संरक्षण, और राजनीतिक सुधारों जैसे समसामयिक विषयों पर गंभीर चर्चा की। मॉडल यूनाइटेड नेशंस प्रारूप में आयोजित सत्रों में छात्रों ने यूएनएचआरसी, सीएसडब्ल्यू, एआईपीपीएम और डब्ल्यूएचओ जैसी समितियों का प्रतिनिधित्व करते हुए वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार रखे।

छात्रों ने नीतिगत तर्क-वितर्क प्रस्तुत किए। समाचार लेखन, साक्षात्कार और फोटोग्राफी के माध्यम से सम्मेलन की रिपोर्टिंग का भी जिम्मा संभाला। आयोजन के दौरान आईपीएल नीलामी और क्रिकेटर नीलामी में छात्रों ने रचनात्मक व्यावसायिक विचार रखे। सम्मेलन के दूसरे दिन पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या ने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।



बहादुरगढ़। उत्कृष्ट विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करती प्रिंसिपल अर्पिता आचार्या।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### ब्रह्माकुमारीज के नई उमंग नई तरंग प्रोजेक्ट के अंतर्गत राजकीय आईटीआई में हुए सेमिनार

# सकारात्मक सोच से निखरेगा व्यक्तित्व: बीके संदीप भाई

**प्रशिक्षुओं को विचारों की शक्ति और सफलता के गहरे संबंध को सरल शब्दों में समझाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा आईटीआई महिला विंग में सकारात्मक सोच से निखरे व्यक्तित्व विषय पर अत्यंत प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन किया गया। बीके संदीप भाई ने प्रशिक्षुओं को विचारों की शक्ति और सफलता के गहरे संबंध को सरल शब्दों में समझाया।

बीके संदीप भाई ने कहा कि विचार ही हमारे भाग्य के निर्माता हैं। यदि हम अपने विचारों को सकारात्मक दिशा में परिवर्तित करें तो असंभव लगने वाले कार्य भी संभव हो जाते हैं। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए संदीप ने कहा कि जीवन की हर परिस्थिति में बिना विचलित हुए धैर्यता और शांति से आगे बढ़ते रहना ही सकारात्मक चिंतन का वास्तविक अर्थ है। सफलता केवल बाहरी उपलब्धियों का नाम नहीं, बल्कि मन की स्थिरता, आत्मविश्वास और आत्मसंतुलन का दूसरा नाम है। कार्यक्रम में राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास भी कराया गया। उन्होंने कई प्रेरणादायक कहानियां सुनाई। इंटरएक्टिव सत्र में प्रेक्टिकल जीवन से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दिए। आईटीआई की प्रिंसिपल गीता आर सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आध्यात्मिक और सकारात्मक कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी हैं। महिला विंग की प्रधानाचार्या मायामंती ने ब्रह्माकुमारी संस्था के इस सार्थक प्रयास की सराहना की।





बहादुरगढ़। सेमिनार में उपस्थित आईटीआई के विद्यार्थी व सकारात्मक सोच का महत्व जानती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

*कार्यक्रमों में उमा शर्मा, विजेंद्र दलाल, देवेंद्र नरवाल, मोनिका, आशा, पिंकी, सुमन, राजेश कुमार, अरविंद, सतेंद्र, प्रवीण, संदीप, सोमबीर, विक्रम के अलावा गीता रानी, सुमन देवी, रविंद्र आदि उपस्थित रहे।*